Estb : 1959
Reg. No. 94 / 68-69

# विज्ञान समिति, उदयपुर
# मासिक रिपोर्ट

अंक :172
जुलाई 2016

नियमित प्रकाशन का पन्द्रहवां वर्ष

स्वैच्छिक सेवा का 57 वां वर्ष

- जुलाई 2016 में 26 कार्य दिवस। सदस्यों की दैनिक औसत उपस्थिति – 13
- उदयपुर का तापमान जून माह में : अधिकतम 0.0° सेल्सियस, न्यूनतम 0.0° सेल्सियस रहा।
- जून माह की मासिक रिपोर्ट, लोकविज्ञान तथा लहर प्रकाशित हुई तथा सभी सदस्यों एवं वि ाष्टजनों को प्रेषित की। कुछ सदस्यों को विदेश में ई–मेल द्वारा भी भेजी गई।

## आर्थिक सहयोग(मई एवं जून माह) –

- **साईन्स एवं स्प्रीच्यूलिटी सेमीनार**– आचार्य श्री नानेश समता विकास ट्रस्ट – 5000/–रु.; श्री महावीर सार्वजनिक पूण्यार्थ ट्रस्ट – 5000/–रु.
- **विशेष सहयोग** – श्री अनिमेष बोहरा 1500/–रु.; श्री शांतिलाल जी भंडारी 5000/–रु.
- **वार्षिक सहयोग** – डॉ. के.बी. शर्मा, श्री एस.पी. मित्तल, श्री अविनाश भटनागर, डॉ. प्राचि अविनाश भटनाग, सुश्री प्रचिति अविनाश (प्रत्येक से 1000/–रु.)
- **कोरपस फण्ड** – श्री भुवन जी नागर 15,000/–रु.
- **महिला सशक्तीकरण कोष** – डॉ. शैल गुप्ता – 5000/–रु.

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रसारण

- **लोकविज्ञान :** जुलाई अंक में **घरेलू स्तर पर शुष्क–धुलाई प्रक्रिया, उम्र के अनुसार हो शिशु का भोजन, पपीता एक : गुण अनेक, डॉ. डी.एस. कोठारी विज्ञान चेतना अभियान, विटामीन बी12 से नई बेट्री बनाई, निजी कम्पनी भेज सकेगी चंद्रयान** आदि सामग्री का प्रकाशित की गई।

## विज्ञान एवं अध्यात्म दिवस

**डॉ. डी.एस. कोठारी जन्म दिवस समारोह एवं संगोष्ठी–**

भारत के सपूत इस धरती के लाल महान वैज्ञानिक, शिक्षाविद् एवं अध्यात्म की प्रतिमूर्ति **पद्म विभूषण डॉ. दौलतसिंह कोठारी** एक पूज्य व्यक्तित्व रहे। उनकी स्मृति में विज्ञान समिति प्रतिवर्ष उनके जन्मदिन 6 जुलाई को कार्यक्रम आयोजित करती है। इस वर्ष दो कार्यक्रम हुए। प्रथम – एक संगोष्ठी का आयोजन 6 जुलाई को हुआ जिसका विषय था है **''चेतना : अध्यात्म और विज्ञान''**। संगोष्ठी के वक्ता थे – **डॉ. विश्वमोहन ठाकुर,** मनोरोग चिकित्सक, अहमदाबाद; **डॉ. सोहनराज तातेड़,** पूर्व कुलपति, सिंघानिया विश्वविद्यालय, झुंझुनू; इसरो के पूर्व वैज्ञानिक **प्रो. रमेश पंड्या एवं डॉ. सुरेन्द्रसिंह पोखरणा** अहमदाबाद एवं **डॉ. प्रेमसुमन जैन,** पूर्व अधिष्ठाता सुखाड़िया विश्वविद्यालय। **कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. उमा शंकर शर्मा** थे। इस संगोष्ठी को **आचार्य महाश्रमण** की **विदुषी शिष्या साध्वी कीर्तिलता जी** का सान्निध्य प्राप्त हुआ। संगोष्ठी का संयोजन **डॉ. एन.एल. कच्छारा** संयोजक **दर्शन एवं विज्ञान प्रकोष्ठ** ने किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में डॉ. डी.एस. कोठारी के जीवन एवं कृतत्व पर **डॉ. के.एल. कोठारी** ने प्रकाश डाला। विस्तृत आभार **डॉ. एल.एल. धाकड़** ने दिया।

दूसरा कार्यक्रम **विज्ञान चेतना अभियान** नगर के विद्यालयी छात्रों के लिए 27 जुलाई को आयोजित किया गया। इसके लिए जुलाई के प्रारम्भ में 45 विद्यालय को संपर्क किया। लगभग 18 विद्यालय से छात्रों ने भाग लिया। **डॉ. डी.एस. कोठारी** के आध्यात्मिक जीवन व वैज्ञानिक शोध एवं शैक्षणिक योगदान से परिचित होकर प्रेरणा प्राप्त हो इस उद्देश्य से महान वैज्ञानिक की स्मृति में अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 11–12 के विद्यार्थियों के लिए हिन्दी वाद–विवाद प्रतियोगिता हुई, जिसमें 28 विद्यार्थियों ने विषय के पक्ष–विपक्ष में सारगर्भित तर्क प्रस्तुत कर प्रतियोगिता को रोचक बनाया। वाद–विवाद का विषय था–**''उज्ज्वल भविष्य के लिए विज्ञान संकाय का चयन एकमात्र विकल्प है।''** कक्षा 9–10 के विद्यार्थियों के लिए प्रादर्श परीक्षण (स्पोट टेस्टिंग) का आयोजन हुआ, जिसमें 34 प्रतिभागियों को पहले 30 प्रादर्शों का अवलोकन कराया और फिर उन्हीं में से 20 प्रादर्शों पर दो–दो प्रश्न पूछ कर परीक्षण किया गया। उच्च प्राथमिक स्तर के 40 विद्यार्थियों ने **मैजिक ऑफ साइन्स थीम** पर अपने स्वनिर्मित मॉडल व प्रयोग प्रदर्शित किए, जो दर्शकों के लिए रोचक एवं

ज्ञानवर्द्धक रहे। इस अवसर पर गत सत्र में विज्ञान आधारित सहशैक्षिक कार्यक्रमों में श्रेष्ठ उपलब्धि प्राप्त 10 विद्यार्थियों को भी सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया गया।

इस सम्पूर्ण कार्यक्रम का सौजन्य **डॉ. यशवन्त कोठारी चेरिटेबल पब्लिक ट्रस्ट, उदयपुर** का रहा। सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को साहित्य, प्रमाण पत्र एवं नकद राशि (क्रमशः 1000रु., 700रु., 500रु.) पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि रोटरी क्लब उदयपुर के अध्यक्ष **श्री माणिक नाहर** एवं विज्ञान समिति के अध्यक्ष **डॉ. के.एल. कोठारी** ने विजेताओं को पुरस्कृत कर आशीर्वाद प्रदान किया।

## महिला सशक्तीकरण

● **नवाचार महिला प्रकोष्ठ :** इस प्रकोष्ठ की मासिक बैठक 11 जुलाई को आयोजित हुई। बैठक में 40 महिलाएं उपस्थित थी। प्रशिक्षिका **श्रीमती कुशल जी जैन** ने फैन्सी कपड़े से थेली, मोबाईल कवर आदि बनाना सीखा।

● **वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ :** इस प्रकोष्ठ की मासिक बैठक 20 जुलाई को आयोजित हुई। बैठक में 75 महिलाएं उपस्थित थी। आज के कार्यक्रम में मुख्यतः मनोरंजनात्मक कार्यक्रम हुआ। **श्रीमती शकुंतला धाकड़** ने बेदला स्थित धाकड़ गार्डन पर अगले माह रखी गई पिकनिक की जानकारी दी।

● **ग्रामीण महिला चेतना शिविर :** इस शिविर में 27 महिलाएं उपस्थित रहीं। **डॉ. श्रीमती शैल गुप्ता** ने स्वागत किया, फिर प्रार्थना हुई। योगाभ्यास के बाद **श्रीमती शकुन्तला धाकड़** ने पर्यावरण व पौधारोपण के महत्त्व पर वार्ता दी। प्रश्नोत्तर कार्यक्रम में महिलाओं को पुरस्कार वितरित किये गये। डा. आई.एल. जैन ने बरसात के मौसम में होने वाली बीमारियां और उनसे बचाव के उपाय बताये। विज्ञान समिति के अध्यक्ष **डॉ. के.एल.कोठारी** ने जीवन पच्चीसी के बारे में विस्तृत चर्चा की। **श्रीमती कमला, श्रीमती भावना व श्रीमती नारी देवी**(तीनों चंदेसरा) को 5000–5000 का ऋण दिया गया। **श्रीमती पुष्पा कोठारी** ने एक्यूप्रेशर पद्धति पर जानकारी दी। **श्रीमती मंजुला शर्मा** ने लहर पर चर्चा की व यात्रा भत्ता का वितरण किया। अन्त में महिलाओं को नाश्ता कराया गया।

## स्वास्थ्य सेवाएं

● ***निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर :*** **विज्ञान समिति, महावीर इन्टरनेशनल व आरोग्य एक्यूप्रेशर उपचार, शोध एवं प्रशिक्षण प्रन्यास, उदयपुर** के संयुक्त तत्वावधान में निः ुल्क एक्यूप्रे ार ि ाविर प्रत्येक गुरुवार व भानिवार को सायं 5 से 6.30 बजे तक सफलतापूर्वक आयोजित हुए। जुलाई माह में 9 शविर हुए जिसमें 145 दर्दियों की चिकित्सा की गई। **श्री बी.एल. पोखरना** एवं उनके सहयोगी चिकित्सकों का प्रशंसनीय योगदान रहा।

● ***श्री बिजयकुमार सुराणा स्मृति निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर :*** विज्ञान समिति में सैंतीसवां शिविर दिनांक 17 जुलाई 2016 तृतीय रविवार को आयोजित किया गया। इस चिकित्सा ि ाविर में **डॉ.आई.एल.जैन,** वरिष्ठ फिजिशियन एवं हृदयरोग विशेषज्ञ, **डॉ. दिलखुश सेठ** पाईल्स रोग विशेषज्ञ, दर्शन डेंटल कॉलेज के दंत रोग विशेषज्ञ **डॉ. नील दोशी, श्री अंकित नागौरी**–ब्लड शुगर जांच, **श्री बी.एल.पोखरना** एवं एक्यूप्रेशर टीम ने अपनी मानद चिकित्सा परामर्श सेवाएं यथावत प्रदान की। सभी के प्रति आभार। इस ि ाविर में कुल 61 नागरिकों का ( 22 सामान्य, 19 हृदय, 2 अस्थि रोग, 24 मधुमेह, 3 दंत, 1 पाईल्स) वि ोषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया। इसी क्रम में 18 नागरिकों को एक्यूप्रे ार थेरेपी से चिकित्सा पराम र्ा दिया गया। आगामी अड़तीसवां शिविर 21 अगस्त 2016 रविवार प्रातः 10 से 12 बजे तक आयोजित होगा ।

## प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ

प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ के सदस्य 6 जुलाई को आयोजित संगोष्ठी में सम्मिलित हुए अतः उस माह का अलग कार्यक्रम आयोजित नहीं हुआ।

## दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ

दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ की मासिक बैठक नहीं हुई क्योंकि इस प्रकोष्ठ ने 6 जुलाई को आयोजित संगोष्ठी का संचालन मुख्य रूप से किया तथा सदस्यगण इसमें सम्मिलित हुए।

## केलवा प्रोजेक्ट

● श्रद्धा का 33 वां अंक (जुलाई 2016) प्रकाशित–वितरित हुआ। पुस्तक दान योजना के अंतर्गत **मुनि धर्मेश कुमार जी** के सौजन्य से 15 पुस्तकें प्राप्त हुई।

## अन्य बिन्दु

●. बौद्धिक प्रतिभा सम्मान समारोह 11 जुलाई को आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि थे श्री धरमचन्द जी नागौरी सेवानिवृत उपनिदेशक शिक्षा थे। समारोह में श्री अनिमेश बोहरा आई.आई.टी. परीक्षा में 19वाँ स्थान तथा सुश्री काव्या भण्डारी आई.आई.टी. में 211 वाँ स्थान तथा दिल्ली जोन में लडकियों में प्रथम स्थान का विशेष सम्मान किया गया। तथा विभिन्न स्कूलों के 12वीं विज्ञान परीक्षा में 90 प्रतिशत से ऊपर वाले छात्र–छात्राओं का सम्मान किया गया।

## सदस्यों सबंधी

● हमारे सदस्य **प्रो. महीप भटनागर** व उनकी पत्नी **प्रो. रेखा भटनागर** ने 15 जुलाई से 29 जुलाई तक यूरोप के विभिन्न देशों की यात्रा करी। इनकी यात्रा में पेरिस व लियोन शहर लुसर्ने व जूरिख (स्विट्जरलैण्ड), इटली में रोम, वेनिस व वेटिकन सिटी, ऑस्ट्रिया में इन्सबर्ग व जर्मनी में म्युनिख शहर सम्मिलित थे। पेरिस का एफिल टावर, यूरो डिज्नी व विश्व प्रसिद्ध फ्रागुनोइड (जहाँ परफ्यूम बनते हैं) आल्प्स पर्वत श्रृखंला में सबसे ऊँचा माउंट टिटलिस, पिसा की झूलती मीनार, रोम के कोलोजियम, फेरारी कार म्यूजियम, स्वरोवस्की का म्यूजियम, वेनिस में गोंडोला की सवारी के साथ इंस्टिट्यूट आफ हिस्टोकेमिस्त्री उल्लेखनीय है।

● हमारे सदस्य **श्री के.एल. बोहरा** की सुपुत्री **श्रीमती विनीता बोहरा** की भारतीय प्र ाासनिक सेवा(आई.ए.एस.) में पदोन्नति हुई। हार्दिक बधाई।

● हमारे मानद निदेशक एवं पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष **प्रो. एन.एल गुप्ता** के सुपुत्र **डॉ. राकेश गुप्ता** अध्यक्ष, राजस्थान कैंसर सोसायटी के सद्प्रयत्नों से **आर.एन.टी. मेडिकल कॉलेज** का परिसर **''नो टोबेको जोन''** में सम्मिलित कर लिया गया है और उसे प्रभावी रूप से मोनिटर किया जा रहा है। विज्ञान समिति में भी यह प्रस्ताव सक्रिय रूप से विचाराधीन है।

● हमारे मानद सदस्य एवं प्रसिद्ध मानव विज्ञानी **डॉ. योगेश अटल** के दो लेख राजस्थान पत्रिका में जुलाई माह में छपे। हार्दिक बधाई।

● हमारे प्रमुख संरक्षक सदस्य श्रीमान् मदनसिंह जी सुराणा–श्रीमती लीला सुराणा हांगकांग में अपने पुत्र और हमारे संरक्षक सदस्य श्री प्रफ्फुल सुराणा के साथ सकुशल बिराज रहे हैं। विज्ञान समिति के सदस्यों को बराबर याद करते रहते हैं।

●

## जन्मदिन की बधाइयाँ

**जन्म दिन मनाया**

20 जुलाई
श्रीमती मंजुला शर्मा

28 जुलाई
डॉ. के.बी. शर्मा



### August

| | |
|---|---|
| Mrs. Shakuntala Dhakar | 04/08 |
| Sh.Munish Goyal | 04/08 |
| Sh.Raj Lodha | 14/08 |
| Sh. N.C. Jain | 22/08 |
| Sh.R.K.Bolia | 23/08 |
| Sh.Parag Kothari | 28/08 |
| Sh.Rakesh Samar | 31/ 08 |

### September

| | |
|---|---|
| Sh. S.L. Nalwaya | 05/09 |
| Sh. Arvind Mehta | 14/09 |
| Sh. SL Bhandari | 15/09 |
| Sh.R.K.Chatur | 16/09 |
| Sh.Rakesh Samar | 16/09 |
| Dr. Anurag Talesra | 2209 |
| Sh.J.S.Pokharna | 24/09 |
| Dr.Yogesh Joshi | 30/09 |

**समिति परिसर में जन्मदिन मनाने के लिए आप सादर आमन्त्रित हैं।**

## विज्ञान समिति के अगस्त माह के कार्यक्रम

- **मासिक प्रकाशन :** लोकविज्ञान, लहर तथा मासिक रिपोर्ट का नियमित प्रकाशन
- **नियमित स्वास्थ्य सेवाएं**

❒ एक्यूप्रेशर चिकित्सा : प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायंकाल 5 से 6.30 समिति परिसर में

❒ श्री बिजय कुमार सुराणा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविरः समिति परिसर में तीसरे रविवार 21अगस्त 2016 प्रातः 10 से 12 बजे तक

| नियमित मासिक गतिविधियां | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| ✷ नवाचार महिला प्रकोष्ठ पिकनिक | 10 अगस्त 2016 | प्रातः 09.00बजे से |
| ✷ दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ मासिक बैठक | 13 अगस्त 2016 | प्रातः 11.00बजे से |
| ✷ वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ पिकनिक | 20 अगस्त 2016 | प्रातः 09.00बजे से |
| ✷ प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ मासिक बैठक | 27 अगस्त 2016 | सायं 05.00बजे से |
| ✷ ग्रामीण महिला चेतना शिविर | 30 अगस्त 2016 | प्रातः 11.00बजे से |
| **✷विशेष कार्यक्रम** | | |
| ✷ विश्वविद्यालय अधिकारियों के साथ बैठक | 09 अगस्त 2016 | प्रातः 11.00बजे से |
| ✷ स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम | 15 अगस्त 2016 | प्रातः 11.00बजे से |
| ✷ विज्ञान समिति कार्यकारिणी परिषद बैठक | 25 अगस्त 2016 | प्रातः 11.00बजे से |
| ✷ विज्ञान समिति स्थापना समारोह | 28 अगस्त 2016 | प्रातः 11.00बजे स |
| ✷ अन्य निर्णय होने पर | | |

**अपील**

- कार्यकारिणी के निर्णयानुसार प्रत्येक सदस्य को एक हजार रु. प्रतिवर्ष समिति की गतिविधियों के लिए देना है। इस निर्णय का चौथा वर्ष प्रारंभ हो गया है। कृपया सहयोग प्रदान करावें।
- निर्माण, स्थायी कोष ( कोरपस फंड ), महिला समृद्धि कोष, छात्रवृत्ति कोष एवं अभावग्रस्तों को सहयोग फंड के लिए भी आर्थिक सहयोग अपेक्षित है।

प्रेषक : विज्ञान समिति, 17 अशोक नगर, उदयपुर **बुक-पोस्ट**

सेवा में

**सौजन्य :- श्रीमान् मदनसिंह जी-श्रीमती लीला जी सुराना, 8-सी, मधुबन, उदयपुर**

Quick Print Service # 94147 36608